☎: 0291–2795315

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्
# राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,जोधपुर

(प्रशासनिक भवनः कडवड़, नागौर रोड, जोधपुर)

क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि. / परीक्षा / 2026 / 908 दिनांक 12/8/26

## कार्यालय आदेश

**परीक्षा माह अगस्त–सितम्बर, 2026 के लिए मुख्य / प्रयास परीक्षा फॉर्म ऑनलाईन भरवाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा माह अगस्त–सितम्बर, 2026 **बी.ए.एम.एस. / बी.यू.एम.एस. / बी.एच.एम.एस. एवं बी.एन.वाई.एस. बैच–2023 एवं 2024 प्रथम व बैच– 2023 द्वितीय वर्ष** की मुख्य / प्रयास परीक्षा दिनांक 17.09.2026 से प्रारम्भ होना प्रस्तावित है इस हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवदेन फार्म दिनांक 19.08.2026 से छात्रों द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://registration.dsrrauexam.org से भरे जायेंगे।

महाविद्यालय द्वारा छात्र का नाम, प्रयास, उपस्थिति, शैक्षणिक सत्र, फीस व विषय सम्बंधित जानकारी एवं सम्बंधित नियामक संस्था के नियमों की जांच कर योग्य विद्यार्थियों के परीक्षा फॉर्म को प्राचार्य द्वारा सत्यापित किया जाये। आवेदन पत्र सत्यापित करने के बाद किसी भी प्रकार का परिवर्तन नही किया जायेगा। फॉर्म की कॉपी व पिछली कक्षा की अंकतालिका की प्राचार्य द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न कर विश्वविद्यालय में भिजवाने का श्रम करे। परीक्षा आवेदन फार्म शुल्क रूपये 100 /– प्रति छात्र व परीक्षा शुल्क छात्रों द्वारा ऑनलाईन माध्यम से किया जायेगा।

| क्र.सं. | छात्रों द्वारा परीक्षा आवेदन दिनांक | | | महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन सत्यापन अंतिम दिनांक | फीस विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य शुल्क | 19.08.2026 | 28.08.2026 | 29.08.2026 | 5000 |
| 2 | 20 /– रू. विलम्ब शुल्क | 29.08.2026 | 04.09.2026 | 05.09.2026 | 5020 |
| 3 | दुगुनी फीस | 05.09.2026 | 08.09.2026 | 09.09.2026 | 10000 |
| 4 | चार गुना फीस | 09.09.2026 | 11.09.2026 | 12.09.2026 | 20000 |
| प्रयास परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी दो विषय तक प्रति विषय 1000 /– तथा दो विषय से अधिक होने पर कक्षावार पूर्ण फीस लगेगी। | | | | | |

संलग्न : परीक्षा फॉर्म हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश।

परीक्षा नियंत्रक

**क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि. / परीक्षा / 2026 / 909 – 912** दिनांक 12/8/26

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. निजी सचिव, कुलगुरू महोदय, डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि., जोधपुर।
2. निजी सचिव, कुलसचिव महोदय, डॉ.एस.आर.रा.आ.वि.वि., जोधपुर।
3. प्राचार्य विश्वविद्यालय के संगठक एवं सम्बद्वता प्राप्त समस्त, राजकीय / निजी महाविद्यालय।
4. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक

RajKaj Ref No.: 23921756

Digitally signed by RAJARAM AGARWAL
Designation: Associate Professor
Date: 2026-08-12 14:15:32 IST

v-1.0

☎: 0291–2795315

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन्
# राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय,जोधपुर

(प्रशासनिक भवनः कडवड़, नागौर रोड, जोधपुर)

क्रमांकः डॉ.एस.आर.रा.आ.वि. / परीक्षा / 2026 / 913 दिनांक 12/8/26

## आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षा आवेदन फॉर्म हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश निम्नानुसार है :–

1. परीक्षा हेतु छात्र द्वारा शैक्षणिक अवधि व विषयवार सैद्धांतिक व प्रायोगिक पृथक–पृथक उपस्थिति 75 प्रतिशत पूर्ण होने पर ही परीक्षा आवेदन करना होगा अन्यथा परीक्षा आवेदन शुल्क नही लौटाया जायेगा। इसकी समस्त जिम्मेवारी छात्र की होगी।
2. अंतिम वर्ष के छात्र का उपाधि शुल्क परीक्षा फीस के साथ जोड़कर लिया जायेगा।
3. छात्र द्वारा परीक्षा फॉर्म की एक बार फीस का भुगतान करने के 3 घण्टे (Double Verification) के बाद ही दुबारा फीस का भुगतान करना होगा।
4. **छात्र द्वारा परीक्षा फॉर्म की फीस के लिये नेट बैकिंग एवं रूपये कार्ड से ही भुगतान करना होगा।**
5. परीक्षा हेतु छात्र को परीक्षा आवेदन करने के बाद सत्यापित कर महाविद्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा अन्यथा विलम्ब शुल्क निर्धारित अवधि के अनुसार छात्र द्वारा वहन किया जायेगा।
6. योग्य छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन करने के बाद महाविद्यालय द्वारा अंतिम दिनांक अनुसार परीक्षा फॉर्म सत्यापित करना अनिवार्य होगा अन्यथा विलम्ब शुल्क महाविद्यालय की जिम्मेवारी होगी।
7. महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन सत्यापित करने से पहले छात्र की विषयवार सैद्धांतिक व प्रायोगिक पृथक–पृथक उपस्थिति 75 प्रतिशत, शैक्षणिक अवधि, प्रयास, विषय की जांच एवं सम्बंधित मानक संस्था के नियमों की जांच कर पात्र छात्रों के परीक्षा आवेदन सत्यापित करना होगा। सत्यापित परीक्षा फॉर्म में किसी भी प्रकार का परिर्वतन नही होगा।
8. महाविद्यालय द्वारा परीक्षा आवेदन सत्यापित करने से पहले छात्र के पूर्व का रिकॉर्ड परीक्षण करना अनिवार्य होगा।
9. महाविद्यालय द्वारा परीक्षा फॉर्म को ऑनलाईन सत्यापित कर ऑफलाईन प्राचार्य के हस्ताक्षर सहित विश्वविद्यालय में परीक्षा आरम्भ से पूर्व अनिवार्य रूप से भिजवाना सुनिश्चित करे।

परीक्षा नियंत्रक

RajKaj Ref No.:
23921756

Digitally signed by
RAJARAM AGARWAL
Designation: Associate
Professor
Date: 2026-08-12 14:15:32
IST

v-1.0